कार्यालय : जिला कार्यक्रम अधिकारी, जनपद–कुशीनगर ।

पत्रांक ८-१०११/जि0का0अधि0/विज्ञप्ति/2024–25, दिनांक 08 अक्टूबर 2024

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–19/2023/3975/58–1–2022–2/1(22)10टी.सी. दिनांक 21 मार्च 2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद कुशीनगर के शहरी/ ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनवाड़ी कार्यकत्री के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रकियॉ के तहत विभागीय वेब साइट **https://upanganwadibharti.in** पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आंमत्रित किये जाते है। रिक्त पदों का परियोजनावार विवरण निम्नवत् है:–

क्र0 सं0	परियोजना का नाम	रिक्त पदों की संख्या	आरक्षण					योग
			अनुसूचित जाति	अनुसूचित जन जाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	ई0डब्लू एस	अनारक्षित	
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	दुदही	01	00	00	00	00	01	01
2	फाजिलनगर	05	00	00	01	01	03	05
3	हाटा	40	06	00	17	04	13	40
4	कप्तानगंज	12	02	00	03	02	05	12
5	कसया	10	03	00	01	01	05	10
6	खड्डा	46	05	00	12	05	24	46
7	मोतीचक	06	01	00	04	00	01	06
8	नेबुआ नौरंगिया	09	01	00	04	01	03	09
9	पड़रौना	39	07	00	06	04	22	39
10	शहर पड़रौना	09	03	00	04	01	01	09
11	रामकोला	11	00	00	05	01	05	11
12	सेवरही	10	04	00	00	01	05	10
13	सुकरौली	08	05	00	02	01	00	08
14	तमकुहीराज	19	03	00	03	03	10	19
15	विशुनपुरा	20	10	00	03	01	06	20
योग–		245	50	00	65	26	104	245

उपरोक्त पदों की ग्रामसभा/वार्डवार रिक्तियों एवं आरक्षण का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय वोर्ड पर चस्पा की गयी है, साथ ही विभागीय वेबसाईट https://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है।

विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देश निम्नवत है :–

1. चयन की समस्त कार्यवाही बाल विकास एवं पुष्टाहार अनुभाग उ0प्र0 के शासनादेश संख्या–19/2023/3975/58–1–2022–2/1(22) 10 टी.सी. दिनांक 21 मार्च 2023 में वर्णित प्रकिया के अधीन होगी ।
2. विज्ञापित पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगें।
3. रिक्त पदों (आंगनवाड़ी कार्यकत्री) हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इण्टरमिडियट एवं उसके समकक्ष होगी ।
4. आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड/ग्रामसभा/का स्थाई निवासी होना अनिवार्य होगा।
5. आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ डेट 01 जुलाई 2024 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

Scanned with OKEN Scanner

6. विज्ञापित पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट **https://upanganwadibharti.in** पर ऑनलाइन आवेदन निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होगें। ऑफलाईन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य/स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
7. विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 29.10.2024 मध्य रात्रि 12.00 बजे तक होगी।
8. विज्ञापित पदों की संख्या घट-बढ़ सकती है। जो वेबसाइट पर प्रदर्शित होगी।
9. उपरोक्त विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट **https://upanganwadibharti.in** पर उपलब्ध है साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।
10. उपरोक्त पदों पर भर्ती शैक्षिक योग्यता के आधार पर तैयार की गयी मेरिट के आधार पर होगी। इसके लिए कोई लिखित परीक्षा अथवा साक्षात्कार नहीं लिया जायेगा।
11. ऑगनवाड़ी कार्यकत्री का पद पूर्णतः अस्थायी एवं मानदेय पर आधारित है जिस पर उ0प्र0 राज्य कर्मचारी सेवा नियमावली लागू नहीं होगी तथा शासन के निर्देशानुसार कभी भी समाप्त किये जा सकते है।
12. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि आवेदन करने के पूर्व वेबसाइट पर उपलब्ध शासनादेश एवं निर्देशों का भली भॉति अध्ययन कर लें जिससे किसी प्रकार की त्रुटि जनित हानि से बचा जा सके।
13. ऑनलाइन आवेदन में वेबसाइट पर भरी गयी सूचनाएँ ही चयन के लिये प्रयोग की जायेंगी। कोई भी कागजात ऑफलाइन स्वीकार नहीं किया जायेगा ।

भवदीय

(एस0के0राय) 08/10/2024
जिला कार्यक्रम अधिकारी
कुशीनगर

पृष्ठाकंन पत्र संख्या तद दिनांक
प्रतिलिपि : निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, कुशीनगर ।
3. मुख्य विकास अधिकारी, महोदय, कुशीनगर ।
4. समस्त उपलजिलाधिकारी, जनपद कुशीनगर को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्त की एक प्रति अपने कार्यालय बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
5. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, कुशीनगर को इस अनुरोध के साथ कि कृपया उपरोक्त की एक प्रति अपने कार्यालय बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
6. जिला सूचना अधिकारी कुशीनगर को इस आशय से कि जनपद कुशीनगर के उपरोक्त उल्लिखित आंगनवाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों की विज्ञप्ति न्यूनतम दर पर एक स्थानीय एवं एक प्रदेश स्तर के दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कराने के साथ भुगतान हेतु बिल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
7. समस्त, बाल विकास परियोजना अधिकारी, जनपद कुशीनगर को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त पद की एक प्रति अपने कार्यालय बोर्ड पर चस्पा कराना सुनिश्चित करे।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
कुशीनगर।

Scanned with OKEN Scanner